# University in News on 13 July 2024

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में कई विषयों का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के तहत कई विषयों के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि एमएससी कृषि एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एग्रोनॉमी, हॉर्टिकल्चर, सॉइल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, एमए ज्योतिर्विज्ञान व एआईएच और एमकॉम सीबीसीएस एप्लाइड इकोनॉमिक्स के चतुर्थ सेमेस्टर के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इसी तरह एमए ज्योतिर्विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी हुआ है। छात्र-छात्राएं अनुक्रमांक के अनुसार नतीजे देख सकते हैं।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : समर्थ पोर्टल से हुई शिक्षकों की प्रोन्नति

लखनऊ। लविवि में शुक्रवार को पहली बार समर्थ पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया पूरी की गई। यह पोर्टल भारत सरकार का पोर्टल है, जो समस्त शिक्षण संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों का डाटा एकत्रित करने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य समस्त जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध रखना है। इसी क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय ने पहली बार प्रोन्नति की प्रक्रिया को इस माध्यम से संपन्न किया। इसमें विवि के दो शिक्षक डॉ. मीनल गर्ग और डॉ. कुसुम यादव शामिल हैं। (संवाद)

### लविवि : 23 फीसदी ने छोड़ी बीसीए की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दूसरे दिन बीसीए और बीएससी गणित विषयों में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। पहली पाली में बीसीए की परीक्षा से 23 फीसदी अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। वहीं, बीएससी गणित की परीक्षा में 76 फीसदी अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 6

### समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रोन्नत प्रक्रिया शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्र सरकार द्वारा समर्थ पोर्टल विभिन्न संस्थाओं के लिए बनाया गया है। इसको लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित कार्य भी समर्थ पोर्टल के जरिए ही क्रियान्वित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। लखनऊ विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि लखनऊ विवि ने शुक्रवार को जैव रसायन विभाग के बॉयोटेक्नॉलाजी के शिक्षक डॉ. मीनल गर्ग और बायो केमिस्ट्री के शिक्षक डॉ. कुसुम याद के प्रोन्नत की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराई गई। इस प्रक्रिया में संबंधित विभाग, डीन, आईक्यूएसी, कुलसचिव कार्यालय तथा कुलपति कार्यालय भी सहभागी बना।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### पहली बार समर्थ पोर्टल के जरिए प्रोफेसरों की प्रोन्नति



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भारत सरकार द्वारा समर्थ पोर्टल विभिन्न संस्थाओं के लिए बनाया गया है, जिसमें विभिन्न संस्थान और विश्वविद्यालयों छात्रों कर्मचारियों और शिक्षकों से संबंधित समस्त डाटा उस पर अपलोड करना है जिससे यह समस्त डाटा एक स्थान पर ही उपलब्ध हो। इसी क्रम में कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया था कि वह अपना समस्त डाटा समर्थ पोर्टल पर अवश्य अपलोड कर लें। जिसमें प्रवेश, परीक्षा आदि से संबंधित समस्त जानकारी समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जा रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित कार्य भी समर्थ पोर्टल के जरिए ही क्रियान्वित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। लविवि ने शुक्रवार को जैव रसायन विभाग के दो प्रोफेसर में डा.मीनल गर्ग, बायो टेक्नोलॉजी और डा.कुसुम यादव, बायो केमिस्ट्री के प्रोन्नत की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराई। इस प्रक्रिया में संबंधित विभाग, डीन, आईक्यूएसी, कुलसचिव कार्यालय तथा कुलपति कार्यालय से ये प्रक्रिया पोर्टल के जरिए ही पूरी करके इस कार्य को संपन्न कराया गया।

### बीसीए और बीएससी की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए स्नातक की प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। गुरूवार से दो पालियों में शुरू हुई स्नातक की प्रवेश परीक्षाओं के पहले दिन बी.कॉम और बी.कॉम (ऑनर्स) की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। वहीं, शुक्रवार को प्रथम पाली में बीसीए की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 77 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी तहर दूसरी पाली में बीएससी (गणित) की प्रवेश परीक्षा में 76 फीसद विद्यार्थी मौजूद रहे। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने केके सक्सेना ब्लॉक में द्वितीय पाली की बीएससी (गणित)की प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**प्रथम पाली में 77 द्वितीय में 76 प्रतिशत विद्यार्थी रहे उपस्थित**

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : आठ कोर्सों के सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

लवि ने आठ कोर्सों के सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। एमएससी एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एमएससी एग्रीकल्चर एग्रोनामी, एमएससी एग्रीकल्चर हर्टिकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर स्वायल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, एमए एआइएच ग्रुप-ए, एमए ज्योतिर्विज्ञान, एम.काम सीबीसीएस अप्लाइड इकोनामिक्स चौथे व एमए ज्योतिर्विज्ञान दूसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी हुए हैं।